दिन–बुधवार दिनांक– 13 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वंचित समुदाय के लोगों को सीधे आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए पीएम–सूरज राष्ट्रीय पोर्टल लॉन्च किया। श्री मोदी ने वंचित समुदायों के एक लाख उद्यमियों के लिए ऋण सहायता को भी मंजूरी दी।

02. भाजपा के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े ने कहा– राज्य में एनडीए के घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर फॉर्मूला तय हुआ। अगले चौबीस घंटों में हो जायेगी घोषणा।

03. लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा– उनकी पार्टी ने एनडीए के साथ सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप दिया।

04. और, प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में पिछले चौबीस घंटों के दौरान हुये अलग–अलग हादसों में चौदह लोगों की मौत। कई घायल।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज प्रधानमंत्री सामाजिक उत्थान और रोजगार आधारित जनकल्याण – पीएम–सूरज राष्ट्रीय पोर्टल लॉन्च किया और वंचित समुदायों के एक लाख उद्यमियों के लिए ऋण सहायता को मंजूरी दी। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि इस पोर्टल के माध्यम से वंचित समुदाय के लोगों को अब सीधे आर्थिक सहायता दी जा सकेगी।

–––बाईट–––

प्रधानमंत्री ने नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सैनिटेशन इकोसिस्टम – नमस्ते के तहत सीवर और सेप्टिक टैंक श्रमिकों को आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड और पीपीई किट वितरित किए।

–––बाईट–––

प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और स्वच्छता कर्मियों सहित वंचित वर्गो के विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ बातचीत भी की। इस कार्यक्रम में बिहार सहित देश भर के चार सौ सत्तर से अधिक जिलों से वंचित समूहों के विभिन्न सरकारी योजनाओं के लगभग तीन लाख लाभार्थियों ने हिस्सा लिया।

---

भाजपा के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े ने कहा है कि राज्य में एनडीए के घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर फॉर्मूला तय हो गया है। दलों के बीच किसी

प्रकार का कोई विवाद नहीं है। आज नई दिल्ली में संवादाताओं से बातचीत में श्री तावड़े ने कहा कि अगले चौबीस घंटे में पूरा परिदृश्य साफ हो जायेगा।

इस बीच, लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए उनकी पार्टी ने एनडीए के साथ सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप दे दिया है और सही समय पर इसकी घोषणा की जायेगी।

———बाईट———

————————————————————————————————

असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली एआईएमआईएम बिहार में ग्यारह लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरूल ईमान ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पार्टी किशनगंज, कटिहार, अररिया, पूर्णियां, दरभंगा, भागलपुर, काराकाट, बक्सर, गया, मुजफ्फरपुर और उजियारपुर लोकसभा क्षेत्रों से अपनी दावेदारी पेश करेगी।

———बाईट———

————————————————————————————————

केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम से किसी को कोई समस्या नहीं होगी। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री सिंह ने कहा कि यह नागरिकता लेने का नहीं बल्कि देने का कानून है।

———बाईट———

इधर, जदयू सांसद राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने कहा कि सीएए के विरोध का कोई आधार नहीं है। श्री सिंह आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे।

———बाईट———

————————————————————————————————

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण— एनएचएआई ने पेटीएम फास्टैग उपयोगकर्ताओं को पन्द्रह मार्च से पहले दूसरे बैंक में फास्टैग स्थानांतरण करने के लिए परामर्श जारी किया है। सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि इससे राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करते समय जुर्माने या किसी दोहरे शुल्क से बचने में सहायता मिलेगी। पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर प्रतिबंधों के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुरूप, पेटीएम फास्टैग उपयोगकर्ता पन्द्रह मार्च के बाद बैलेंस को रिचार्ज या टॉप—अप नहीं कर पाएंगे। वे निर्धारित तिथि के बाद टोल का भुगतान करने के लिए अपने मौजूदा शेष का उपयोग कर सकते हैं।

————————————————————————————————

सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज नई दिल्ली में आकाशवाणी समाचार और दूरदर्शन समाचार की संशोधित वेबसाइट की शुरूआत की। श्री ठाकुर ने संशोधित न्यूज ऑन एआईआर ऐप भी जारी किया। साथ ही उन्होंने प्रसार भारती प्रसारण के लिए साझा ऑडियो विजुअल–शब्द भी जारी किया। इस अवसर पर श्री ठाकुर ने कहा कि प्रसार भारती अब समाचार संगठनों को विभिन्न भाषाओं में वीडियो, ऑडियो, फोटो और पठन सामग्री उपलब्ध कराने के लिए तैयार है।

———————————————————————————

शिक्षा विभाग ने सरकारी विद्यालयों में नये नामांकन के लिए आधार कार्ड के साथ जन्म संबंधी एक अन्य प्रमाण पत्र को अनिवार्य कर दिया है। विभाग ने कहा है कि नामांकन के समय छात्रों के पास जन्म प्रमाण पत्र, अस्पताल अभिलेख, आंगनबाड़ी अभिलेख या माता–पिता की तरफ से दिये गये घोषणा पत्र में से किसी एक का रहना अनिवार्य है।

———————————————————————————

पटना सिविल कोर्ट के पास एक ट्रांसफार्मर में हुये विस्फोट की घटना में एक अधिवक्ता की मौत हो गयी, जबकि चार अन्य व्यक्ति गम्भ्भीर रूप से घायल हो गये। मृतक की पहचान सिविल कोर्ट के अधिवक्ता देवेन्द्र कुमार के रूप में हुई है। घायलों का पीएमसीएच में इलाज चल रहा है। हादसे से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने सिविल कोर्ट परिसर में प्रदर्शन किया।

———————————————————————————

राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा है कि परीक्षाओं को समय पर सम्पन्न कराने में विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों को एक दूसरे के साथ सहयोग करना चाहिए। श्री आर्लेकर आज कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा की सैंतालीसवीं सीनेट की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विश्वविद्यालय के कामकाज में संस्कृत को प्राथमिकता देने की अपील की।

———————————————————————————

हस्तकरघा और बावनबूटी के कलाकार और पद्मश्री से सम्मानित कपिलदेव प्रसाद का आज बिहारशरीफ के बसवनबिगहा गांव में निधन हो गया। वे बहत्तर वर्ष के थे और पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। पिछले वर्ष उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्मश्री से सम्मानित किया था। कपिलदेव प्रसाद के निधन पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरा शोक जताया है। श्री कुमार ने कहा कि उनके निधन से बावनबूटी कला के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

———————————————————————————

बेगूसराय के बछवाड़ा स्टेशन के पास रेल पुलिस ने मालगाड़ी के तीन कंटेनर से करोड़ों रूपये मूल्य की प्रतिबंधित कोडिन युक्त सीरप बरामद की है। पुलिस ने बताया कि यह मालगाड़ी गुजरात से त्रिपुरा जा रही थी। मामले की जांच की जा रही है।

———————————————————————————————

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में पिछले चौबीस घंटों के दौरान हुये अलग–अलग हादसों में चार बच्चों समेत चौदह लोगों की मौत हो गयी जबकि कई अन्य घायल हो गये। मुजफ्फरपुर जिले के रामपुर हरि थाना क्षेत्र अन्तर्गत मकसूदपुर में एक अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से चारपहिया वाहन सवार पांच लोगों की मौत हो गयी। हादसे में दस लोग घायल हो गये, जिसमें पांच की स्थिति गम्भीर बतायी जाती है। पुलिस ने बताया कि चारपहिया वाहन सवार सभी लोग बारात से लौट रहे थे। घायलों का एसकेएमसीएच में इलाज चल रहा है। इधर, रोहतास जिले के चेनारी थाना क्षेत्र अन्तर्गत गायघाट के पास एक अनियंत्रित पिकअप वैन के खाई में पलट जाने से चार महिलाओं की मौत हो गयी जबकि पन्द्रह अन्य घायल हो गये। सभी लोग पिकअप वैन से गुप्ताधाम जा रहे थे। घायलों का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं, पश्चिम चम्पारण जिले के मझवालिया थाना क्षेत्र स्थित भोगाडी गांव में एक सीमेंट लदा ट्रक झोपड़ी पर पलट गया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि एक अन्य घायल हो गया। दूसरी तरफ, कटिहार जिले के कुर्सेला थाना क्षेत्र अन्तर्गत कबीर मठ के पास एक बस और ट्रैक्टर के बीच हुई टक्कर में तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है।

इधर, भागलपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत दिननगर पुरैनी में नदी में डूबने से चार बच्चों की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि एक बच्चा नहाने के दौरान नदी में डूबने लगा, उसे बचाने के क्रम में सभी बच्चों की मौत हो गयी।

———————————————————————————————

पश्चिम चम्पारण के शिकारपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने दस किलो से अधिक चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद चरस का बाजार मूल्य एक करोड़ रूपये से अधिक बताया जाता है।

———————————————————————————————

सीवान के जीबी नगर के पंचमुहा पुल के पास पुलिस ने चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से हथियार और मादक पदार्थ स्मैक के साथ–साथ लूट की राशि भी बरामद की गयी है।

———————————————————————————————

मुंगेर जिला परिषद अध्यक्ष साधना देवी के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव आज पास हो गया। अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में बैठक में शामिल सभी नौ सदस्यों ने मतदान किया।

---

बेगूसराय जिले के चेरियाबरियारपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत सकरबासा पंचायत के वार्ड संख्या पांच में आग लग जाने से छह मवेशियों की जलकर मौत हो गयी। घटना में कई घर जलकर नष्ट हो गये।

---

मुंगेर के गंगा पार दियारा इलाके में पुलिस ने छापेमारी कर दो सौ लीटर शराब और एक देसी पिस्तौल बरामद की है। इस मामले में दो लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है।

---

सहरसा के स्टेडियम मैदान में आज से कोसी महोत्सव की शुरूआत हुई। दो दिन के इस महोत्सव में कई कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

---

ओडिशा के कटक स्थित जेएन इण्डोर स्टेडियम में खेले जा रहे खेलो इंडिया राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता मे बेगूसराय की ऊर्जा राय ने कांस्य पदक जीता है। उन्होंने तिहत्तर किलोग्राम भार वर्ग में यह उपलब्धि हासिल की है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार............ एक बार फिर

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वंचित समुदाय के लोगों को सीधे आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए पीएम–सूरज राष्ट्रीय पोर्टल लॉन्च किया। श्री मोदी ने वंचित समुदायों के एक लाख उद्यमियों के लिए ऋण सहायता को भी मंजूरी दी।

02. भाजपा के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े ने कहा– राज्य में एनडीए के घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर फॉर्मूला तय हुआ। अगले चौबीस घंटों में हो जायेगी घोषणा।

03. लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा– उनकी पार्टी ने एनडीए के साथ सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप दिया।

04. और, प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में पिछले चौबीस घंटों के दौरान हुये अलग–अलग हादसों में चौदह लोगों की मौत। कई घायल।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।